भाषा और साक्षरता

कहानी सुनाना, गाने, भूमिका अभिनय (रोल प्ले) और नाटक

भारत में विद्यालय आधारित समर्थन के माध्यम से शिक्षक शिक्षा

www.TESS-India.edu.in

http://creativecommons.org/licenses/

संदेश

शिक्षकों को बाल केंन्द्रित कक्षा अभ्यास की ओर उन्मुख करने तथा शिक्षक प्रशिक्षण की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के उद्देश्यों को सम्मुख रखते हुए TESS-India राष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत है। इस दिशा में TESS-India द्वारा मुक्त शैक्षिक संसाधन (Open Educational Resources) का विकास किया गया है । ये संसाधन शिक्षकों तथा शिक्षक–प्रशिक्षकों के वृत्ति विकास (Professional development) में लाभकारी एवं उपयोगी सिद्ध होंगे। राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद, बिहार के नेतृत्व में इन संसाधनों का स्थानीयकृत किया गया है, जिसके अन्तर्गत इनके उद्देश्य के मूल को बरकरार रखते हुए इनमें स्थानीय, भाषा, बोली, प्रथाओं, संस्कृतियों तथा नियमों को सम्मिलित किया गया है। इनका उपयोग शिक्षण कार्य में सहजता एवं सुगमता पूर्वक किया जा सकता है ।

राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद, बिहार के मार्गदर्शन में TESS-India द्वारा स्थानीय भाषा में तैयार मुक्त शैक्षिक संसाधन (Open Educational Resources) नेट पर आप सभी के लिए सुलभ उपलब्ध है ।

शुभकामनाओं सहित ।

(डॉ0 मुरली मनोहर सिंह)
निदेशक
एस0सी0ई0आर0टी0, बिहार

समीक्षा एवं दिशाबोध
डॉ. मुरली मनोहर सिंह, निदेशक राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार
डॉ. सैयद अब्दुल मोईन, विभागाध्यक्ष, अध्यापक शिक्षा विभाग, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार
डॉ. क़ासिम खुर्शीद, विभागाध्यक्ष, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्
डॉ. इम्तियाज़ आलम, विभागाध्यक्ष, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार
डॉ. स्नेहाशीष दास राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार
डॉ. अर्चना, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार
डॉ. रीता राय, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार
श्री तेज नारायण प्रसाद, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार

स्थानीयकरण
भाषा और शिक्षा
डॉ. ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी, प्राचार्य, मैत्रेय कॉलेज ऑफ एडुकेशन एण्ड मैनेजमेंट, हाजीपुर, वैशाली
श्री सुमन सिंह, प्रखंड साधनसेवी, भगवानपुर हाट, सिवान
श्री कात्यायान कुमार त्रिपाठी, प्राथमिक विद्यालय चैलीटाल, पटना
श्री कृत प्रसाद, प्रखंड साधनसेवी, हिलसा, नालंदा
प्राथमिक अंग्रेज़ी
श्री अरशद रज़ा, सहायक शिक्षक, प्राथमिक विद्यालय, पचासा रहुई, नालंदा
श्री संतोष सुमन, सहायक शिक्षक, बालिका उच्च विद्यालय, महुआबाग
श्री शशि भूषण पाण्डेय, सहायक शिक्षक, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मुकुन्दपुर, नालंदा
श्रीमती रचना त्रिवेदी, शिक्षिका, नोट्रेडेम अकादमी, पटना
माध्यमिक अंग्रेज़ी
श्री मणिशंकर, प्रधानाध्यापक, तारामणी भगवानसाव उच्च माध्यमिक विद्यालय, कोइलवर, भोजपुर
डॉ. ब्रजेश कुमार, शिक्षक, पी. एन. एंग्लो संस्कृत माध्यमिक विद्यालय, नया टोला, पटना
प्राथमिक गणित
श्री कृष्ण कान्त ठाकुर
श्री दिलीप कुमार, संकुल संसाधन केन्द्र समन्वयक, बुलनी हैदरपुर, नालंदा
श्री गोविन्द प्रसाद, प्रखंड साधनसेवी, चनपटिया, पश्चिमी चम्पारण
माध्यमिक गणित
डॉ. राकेश कुमार, भागलपुर डायट
श्री रिज़वान रिज़वी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सिलौटा चाँद, कैमूर
श्री इन्द्रभूषण कुमार, शिक्षक, सहयोगी माध्यमिक विद्यालय, हाजीपुर, वैशाली
प्राथमिक विज्ञान
श्री मनोज त्रिपाठी, प्रखंड साधनसेवी, बरहारा, भोजपुर
श्री शशिकान्त शर्मा, प्रखंड साधनसेवी, आरा, भोजपुर
श्री रणबीर सिंह, संकुल संसाधन केन्द्र समन्वयक, आदर्श आवासीय मध्य विद्यालय शिक्षक संघ, सहरसा
माध्यमिक विज्ञान
श्री जी.वी.एस.आर प्रसाद
श्री मुकुल कुमार, शिक्षक, सहायक शिक्षक, गोरखनाथ सूर्यदेव माध्यमिक विद्यालय, राजापाकर वैशाली

TESS-India (Teacher Education Through School Based Support) का लक्ष्य है भारत में मुक्त शैक्षिक संसाधनों के द्वारा प्राथमिक और माध्यमिक स्तरों पर शिक्षकों के कक्षा अभ्यासों को बेहतर करना। ये संसाधन शिक्षकों के विद्यार्थी –केन्द्रित, भागीदारी दृष्टिकोण को विकसित करने में सहायता करेंगे।

TESS-India के मुक्त शैक्षिक संसाधन (Open Education Resources – OERs) शिक्षकों को स्कूल की पाठ्यपुस्तक के लिए सहायक पुस्तिका प्रदान करते हैं। ये संसाधन शिक्षकों के लिए गतिविधियाँ प्रदान करते हैं जो वे कक्षा में अपने थ्वद्यार्थियों के साथ कर सकते हैं। साथ ही इनमें केस स्टडी भी हैं जो ये दर्शाते हैं कि किस प्रकार दूसरे शिक्षकों ने उस विषय को सिखाया है। संबंधित संसाधन शिक्षकों को पाठ योजना बनाने में और विषय पर ज्ञान वर्धन करने में उनकी सहायता करते हैं।

TESS-India के मुक्त शैक्षिक संसाधन भारतीय पाठ्यक्रम और संदर्भों के अनुकूल हैं। ये *भारतीय तथा अतंर्राष्ट्रीय लेखकों के सहयोग से तैयार* किये गये हैं *और ये ऑनलाइन तथा प्रिंट उपयोग के लिए उपलब्ध है (http://www.tess-india.edu.in)* । मुक्त शैक्षिक संसाधन अनेकों संस्करणों में उपलब्ध हैं जो प्रत्येक राज्य के लिए उपयुक्त है जहाँ TESS India कार्यरत है। उपयोगकर्ता इन संसाधनों को अनुकूल और स्थानीयकृत करने के लिए स्वतंत्र हैं ताकि ये स्थानीय आवश्यकताओं और संदर्भों को पूरा कर सकें।

TESS-India मुक्त विश्वविद्यालय, ब्रिटेन के नेतृत्व में तथा ब्रिटेन की सरकार द्वारा वित्त-पोषित है।

वीडियो संसाधन

इस इकाई की कुछ गतिविधियों के साथ निम्न प्रतीक का उपयोग किया गया है: *. इससे संकेत मिलता है कि निर्दिष्ट अध्यापन संबंधी थीम के लिए TESS-India वीडियो संसाधनों को देखना आपके लिए उपयोगी होगा।*

TESS-India वीडियो संसाधन भारत में अनेक प्रकार की कक्षाओं के संदर्भ में मुख्य अध्यापन तकनीकों का वर्णन करते हैं। हमें आशा है कि वे आपको इसी प्रकार के अभ्यासों के साथ प्रयोग करने के लिए प्रेरित करेंगे। उनका उद्देश्य पाठ (टेक्स्ट) पर आधारित इकाइयों के माध्यम से काम करने के आपके अनुभव का पूरक होना और उसे बढ़ाना है।

TESS-India वीडियो संसाधनों को ऑनलाइन देखा या TESS-India की वेबसाइट, http://www.tess-india.edu.in/ से डाउनलोड किया जा सकता है। वैकल्पिक रूप से, आप ये वीडियो सीडी या मेमोरी कार्ड के माध्यम से भी देख सकते हैं।

संस्करण2.0 LL05v1
Bihar

तृतीय पक्षों की सामग्रियों और अन्यथा कथित को छोड़कर, यह सामग्री क्रिएटिव कॉमन्स एट्रिब्यूशन-शेयरएलाइक लाइसेंस के अंतर्गत उपलब्ध कराई गई है.
http://creativecommons.org/licenses/by-sa/3.0/

TESS-India is led by The Open University UK and funded by UK aid from the UK government

यह इकाई किस बारे में है

यह इकाई उन विभिन्न तरीकों के बारे में है, जिनके द्वारा कहानी सुनाना कक्षा में सीखने और भाषा के विकास में योगदान कर सकता है। इसमें बताया गया है कि आपके छात्र–छात्राओं के लिए किस प्रकार एक कहानी सुनाना की योजना बनाई जानी चाहिए और इसका मूल्यांकन कैसे किया जाना चाहिए। इसके बाद इसमें ऐसे तरीकों के बारे में सुझाव दिए गए हैं, जिनके द्वारा आप अपने छात्र–छात्राओं को खुद ही कहानियाँ ढूँढने और सुनाने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं। अच्छी तरह सुनाई गई कहानी एक ऐसा अनुभव है, जिसे आपके छात्र–छात्रा लंबे समय तक याद रखेंगे।

आप इस इकाई में सीख सकते हैं

- कहानी सुनाने की कई तकनीकें हैं।
- आपके छात्र–छात्राओं के लिए किस प्रकार एक कहानी सुनाने की योजना बनाई जानी चाहिए और इसका मूल्यांकन कैसे किया जाना चाहिए।
- कहानी सुनाने के लिए किस तरह सामुदायिक संसाधन प्राप्त किए जाएँ।

यह दृष्टिकोण क्यों महत्वपूर्ण है

कहानी सुनाना ऊँची आवाज़ में पढ़कर सुनाने से अलग होता है, क्योंकि इसमें पुरानी यादों को ताज़ा किया जाता है और पाठ से पढ़ना शामिल नहीं होता। इसलिए इसमें एक ही संसाधन की आवश्यकता होती है: कहानी कहने वाला।

कहानियाँ लोगों के जीवन को अर्थपूर्ण बनाने में उनकी मदद करती हैं। पीढ़ी–दर–पीढ़ी चली आ रही ऐसी कई पारंपरिक कहानियाँ हैं, जो उनसे जुड़े समाजों और समुदायों के कुछ नियमों और मूल्यों को समझने में मदद करती हैं। भारत में अनेक भाषाओं और संस्कृतियों की मौजूदगी के कारण यह ओजस्वी लोककथाओं में विशेष रूप से समृद्ध है।

आपके छात्र–छात्राओं के भाषा कौशल के विकास में कहानी सुनाने एक बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह न केवल बुद्धिमत्ता और ज्ञान को याद रखने योग्य तरीकों में आगे बढ़ाता है, बल्कि यह छात्र–छात्राओं की कल्पनाओं के विकास में भी मदद करता है, क्योंकि भिन्न काल व स्थानों के विचार वास्तविक और अन्वेषित पात्रों के द्वारा प्रस्तुत किए जाते हैं।

1 कहानी सुनाने का उपयोग क्यों करें?

कहानियाँ कक्षा में बहुत शक्तिशाली माध्यम होती हैं। वे मज़ेदार, प्रेरणादायी और चुनौतीपूर्ण हो सकती हैं। वे अपने श्रोताओं को उनके दैनिक जीवन से निकालकर एक काल्पनिक दुनिया में ले जा सकती हैं। वे नई अवधारणाओं के बारे में उनकी सोच को प्रेरित कर सकती हैं, और एक काल्पनिक व भयमुक्त सन्दर्भ में समस्याओं और भावनाओं को समझने में लोगों की मदद करती हैं।

कहानी सुनाने का उपयोग गणित और विज्ञान सहित कई तरह के पाठ्यक्रम विषयों में एक आकर्षक तरीके से विषय और समस्याएँ प्रस्तुत करने के लिए भी किया जा सकता है।

ज़रा सोचिए

अपना बचपन याद करें।

- क्या आपको कहानियाँ सुनाने वाला कोई व्यक्ति याद है? आपको कहानियाँ कौन सुनाता था: आपके पिताजी, आपकी माँ, दादा-दादी या आपके भाई-बहन? क्या आपको कोई कहानी याद हैं? वे क्यों खास लगती थीं?
- आपने आखिरी बार किसी को कोई कहानी कब सुनाई थी? क्या यह आपके किसी अनुभव के बारे में थी, या यह कोई काल्पनिक कहानी थी?

कहानियाँ हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और ये कक्षा के लिए एक मूल्यवान संसाधन भी हो सकती हैं, जैसा कि आप केस स्टडी 1 में देखेंगे।

केस स्टडी 1: कहानी सुनाने की तैयारी करना

श्री सिन्हा बिहार के राजगीर में एक प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक हैं। यहाँ वे बता रहे हैं कि अपने कहानी सुनाने के द्वारा वे किस प्रकार अपने छोटे छात्र–छात्राओं को जोड़े रखते हैं।

जब मैं बहुत छोटा था, तो मेरी दादी रोज़ मुझे कहानियाँ सुनाती थी। मैं उनमें पूरी तरह डूब जाता था। अब मैं अपनी दादी के कुछ तरीकों का उपयोग करके अपने बच्चों को वे कहानियाँ सुनाता हूँ।

विद्यालय में मैं कक्षा एक से तीन के छोटे छात्र–छात्राओं को पढ़ाता हूँ। मैं उन्हें हर सप्ताह जो कहानियाँ सुनाता हूँ, वे उन्हें बहुत अच्छी लगती हैं। कुछ शिक्षकों को अपनी याददाश्त से कहानियाँ सुनाना कठिन लगता है और वे पुस्तक से पढ़कर अपने छात्र–छात्राओं को कहानियाँ सुनाते हैं - शायद ऐसा करना उन्हें ज्यादा सुरक्षित लगता होगा। कहानी सुनाने के लिए अभ्यास और आत्मविश्वास की आवश्यकता होती है, लेकिन यह बहुत मूल्यवान हो सकता है।

एक नई कहानी के मामले में, मैं अपनी बेटियों को या काल्पनिक श्रोताओं को यह कहानी सुनाकर पहले इसके लिए खुद को तैयार कर लेता हूँ। कहानी के वर्णनात्मक भाग के लिए मैं 'कहानी कहने वाला' के स्वाभाविक स्वर का उपयोग करता हूँ, लेकिन पात्रों को विविधता के लिए अलग–अलग स्वर देता हूँ। मैं दुःख या अचंभे जैसी विशिष्ट अभिव्यक्तियों के लिए अपने चेहरे का उपयोग करता हूँ, और अभिवादन जैसे हावभावों के लिए अपने हाथों का उपयोग करता हूँ।

कहानी सुनाते समय अपने छात्र–छात्राओं का अवलोकन करने के कारण मैं बता सकता हूँ कि वे इस पर ध्यान दे रहे हैं और इसे पसंद कर रहे हैं या नहीं।

ज़रा सोचिए

श्री सिन्हा छात्र–छात्राओं को अपनी कहानियों में जोड़े रखने के लिए किन तकनीकों का उपयोग करते हैं?

हमारे विचारों के साथ अपने विचारों की तुलना करें:

- वे अपनी आवाज़ अलग–अलग तरीकों से उपयोग करते हैं
- वे चेहरे की अभिव्यक्तियों और हाथों के हावभावों का उपयोग करते हैं
- वे अपने छात्र–छात्राओं की प्रतिक्रियाओं पर ध्यान देते हैं।

अब संसाधन 1, 'कहानी सुनाना, गीत, रोल प्ले और नाटक' को पढ़ें।

वीडियो: कहानी सुनाना, गाने, रोल प्ले और नाटक

2 कक्षा में कहानी सुनाने का उपयोग करना

कहानियाँ सुनने से छात्र–छात्राओं को नई शब्दावली, वाक्यांशों और भाषा संरचनाओं को जानने का मौक़ा मिलता है, जिससे बोलने और लिखने की उनकी संवाद क्षमताएँ बढ़ती हैं। जब आपके छात्र कहानियाँ सुनते हैं और उन्हें खुद कहानियाँ सुनाने का मौक़ा दिया जाता है, तो उनके भाषा कौशल में वृद्धि होती है।

चित्र 1: कक्षा में कहानियों का उपयोग करना।

गतिविधि 1: तीन कहानियाँ

संसाधन 2 की तीनों कहानियाँ पढ़ें: 'The Wide-mouthed Frog', 'An Old Tiger and a Greedy Traveller' तथा 'A Tale from Persia'। इनमें से हर कहानी अलग तरह की है।

उनके वर्णन इस प्रकार हैं। क्या आप प्रत्येक के साथ एक सही कहानी का मिलान कर सकते हैं?

- एक कहानी दोहरावपूर्ण और मज़ेदार है। यह खासतौर पर भाषा और साक्षरता के विकास के लिए अच्छी है। इसमें ऐसे हावभाव हैं, जिनका उपयोग कहानी सुनाने वाले के द्वारा किया जा सकता है, जबकि छात्र उन वाक्यांशों को दोहराकर और नकल करके इसमें शामिल हो सकते हैं।
- एक कहानी पारंपरिक कथा है, जिसमें एक सशक्त नैतिक संदेश है।
- एक और कहानी भी पारंपरिक कथा है, जिसमें जोड़ना, घटाना, और विषम व सम संख्याओं जैसी गणितीय अवधारणाएँ हैं।

एक या अधिक कहानियाँ चुनें। अपने परिवार या सहकर्मियों के साथ इन्हें ऊँची आवाज़ में बोलने का अभ्यास करें। इसके बाद अब पाठ से सहायता लिए बिना इसे अपने शब्दों में सुनाने की कोशिश करें। बेझिझक कहानी के भागों में बदलाव करें। यह जैसी लिखी है, ठीक उसी तरह उसे बताना आवश्यक नहीं है। जहाँ उपयुक्त हो, कहानी के साथ कुछ हावभावों का उपयोग करें।

अगली गतिविधि आपको बताती है कि अपनी कक्षा के लिए एक कहानी सुनाने के सत्र की योजना कैसे बनाएँ। आपने गतिविधि 1 में जो कहानियाँ पढ़ी थीं, आप उनमें से किसी का उपयोग कर सकते हैं या आप कोई अन्य कहानी चुन सकते हैं, जिसमें आपको मज़ा आता हो और जिसे आप आत्मविश्वास के साथ सुना सकते हों।

गतिविधि 2: एक कहानी सुनाने के पाठ की योजना बनाना

अपनी कक्षा के लिए एक उपयुक्त कहानी चुनें। आप कोई परिचित लोककथा चुन सकते हैं, पाठ्यपुस्तक से कोई कहानी ले सकते हैं या अपने अथवा किसी अन्य के अनुभव से कोई रोचक घटना सुना सकते हैं।

इस उदाहरण में संसाधन 2 की कहानी 'The Wide-mouthed Frog' का उपयोग किया गया है, लेकिन आप कोई अन्य कहानी भी चुन सकते हैं और उसके अनुसार योजना को अनुकूलित कर सकते हैं।



चित्र 2: The wide-mouthed frog।

- यह कहानी अच्छी तरह याद करें और प्रत्येक पात्र के लिए अलग-अलग आवाज़ों, अभिव्यक्तियों या हावभावों का उपयोग करके पाठ के बिना इसे सुनाने का अभ्यास करें।
- कहानी के मुख्य शब्दों और अभिव्यक्तियों की पहचान करें (उदाहरणः मेंढक, बकरी, भालू, चौड़ा मुँह, माँ, दूध, बीज, कीड़े). इन मुख्य शब्दों को चित्रित करने वाले चित्र बनाएँ या वस्तुएँ ढूंढें। इन चित्रों और वस्तुओं से आपको कहानी सुनाते समय इसे याद रखने में मदद मिलेगी।
- अपने छात्र–छात्राओं को अपने आस-पास इकट्ठा करें। उनसे कुछ शुरूआती प्रश्न पूछें, जैसे:
  - 'क्या आपको पता है, मेंढ़क कैसा होता है? वह कैसा दिखता है? '
  - 'वह कैसी आवाज़ निकालता है?'
  - 'वह किस तरह चलता है? क्या आप मुझे चलकर दिखा सकते हैं?'
  - 'क्या आप जानते हैं, मेंढकों को क्या खाना पसंद है?'
- कहानी के अन्य जानवरों के बारे में बात करें और उनके बारे में प्रश्न पूछें।
- यदि आवश्यक हो, तो आपके प्रश्नों को और किसी नए शब्द या अभिव्यक्ति को समझने में छात्र–छात्राओं की मदद करने के लिए उनके घर की भाषा का उपयोग करें।
- उन्हें समझाएँ कि आप जो कहानी सुनाने वाले हैं, वह एक ऐसे मेंढक के बारे में है, जिसका मुँह बहुत चौड़ा था। अपना मुँह चौड़ा करके बताएँ।
- अलग–अलग पात्रों के लिए उपयुक्त आवाज़ों का उपयोग करते हुए, प्रभावी बनाने के लिए आवाज़ में उतार-चढ़ाव लाकर, हाव भावों का उपयोग करके, और इसके साथ कोई वस्तु या चित्र दिखाकर कहानी सुनाएँ।
- बीच-बीच में रूककर अपने छात्र–छात्राओं से सवाल पूछें। इनमें ये शामिल हो सकते हैं:
  - 'आपको क्या लगता है कि पक्षी माएँ अपने बच्चों को क्या खिलाती हैं?'
  - 'आपको क्या लगता है, अब वह किससे मिलने जा रही है?' (यदि आपके पास उत्तर का चित्र है, तो उन्हें दिखाएँ।)
- कहानी के अंत के बारे में पूरी कक्षा से चर्चा करें। इस प्रकार के प्रश्न पूछें, जैसे:
  - 'मेंढक क्यों डरा हुआ था?'
  - 'मेंढक ने भालू को किस तरह उत्तर दिया? क्यों?'
  - 'आपको क्या लगता है, मेंढक ने आगे क्या किया?'

- इस बारे में सोचें कि पाठ कैसा रहा, और ऐसा करते समय टिप्पणियाँ दर्ज करते जाएँ। कौन-सी चीजें अच्छी रहीं? अगली बार आप किसमें सुधार करेंगे? क्या इसमें सभी छात्र–छात्रा शामिल थे? यदि ऐसा लगता है कि कुछ छात्र–छात्रा समझ नहीं पाए, तो इसका कारण क्या हो सकता है? क्या उनमें से सभी को कहानी के बारे में प्रतिक्रिया देने या उसके बारे में बात करने का मौका मिला था? इस तरह पाठ का मूल्यांकन करने से आपको पता चलेगा कि आपके छात्र किस प्रकार अपने भाषा और सुनने के कौशल को विकसित कर रहे हैं, और साथ ही आपको अपनी कहानी सुनाने की तकनीकों में सुधार करने में भी मदद मिलेगी।
- कहानी सुनाते समय अपने सभी छात्र–छात्राओं की आँखों में आँखें डालकर बात करें - चाहे वे आपके पास बैठे हों या आपसे दूर।

कहानी सुनाना सुनने के अलावा भी छात्र–छात्राओं की कई गतिविधियों को प्रोत्साहित कर सकता है। छात्र–छात्राओं से कहा जा सकता है कि वे कहानी में बताए गए सभी रंगों या संख्याओं को लिखें, समूहों में इन्हें प्रदर्शित करें, कहानी का अंत बदलें, दो पात्रों की तुलना करें, या इसमें उठाई गई समस्याओं के बारे में चर्चा करें।

उन्हें समूहों में बाँटा जा सकता है और चित्र या वस्तुएँ देकर किसी अन्य नज़रिए से कहानी दोबारा सुनाने को कहा जा सकता है, या संवादों के कुछ अंश लेकर एक साथ एक नाटिका की जा सकती है।

बड़ी उम्र के छात्र–छात्राओं को एक ज्यादा जटिल कहानी का विश्लेषण करने, किसी विशिष्ट घटना की वैज्ञानिक व्याख्या पर विवाद करने, तथ्यों को कल्पनाओं से अलग करने, या कोई भी संबंधित गणितीय समस्याएँ सुलझाने के लिए आमंत्रित किया जा सकता है।

3 सामुदायिक कहानियाँ एकत्र करना

क्हानी सुनाना एक साझा गतिविधि है, जो परिवार या समुदाय को साथ जोड़कर रख सकती है, इतिहास की याद दिला सकती है, और भाषाओं और संस्कृतियों को सुरक्षित रख सकती है। ऐसी कई कहानियाँ होती हैं, जो समुदाय के बुजुर्गों को याद होंगी। इन कहानियों को इकट्ठा करना आपके छात्र–छात्राओं को, उनके परिवारों को और समुदाय को विद्यालय के जीवन में शामिल करने का एक रोमांचक तरीका है। आप केस स्टडी 2 में एक उदाहरण के बारे में पढ़ सकते हैं कि किस तरह एक कक्षा में ऐसा किया जाता है।



चित्र 3: सामुदायिक कथाएँ आपके अध्यापन के लिए एक उपयोगी संसाधन हैं।

केस स्टडी 2: स्थानीय कहानियाँ इकट्ठा करना

सुश्री पूनम, सिवान की एक प्राथमिक शिक्षिका हैं। यहाँ वे बता रही हैं कि किस तरह वे अपने छात्र–छात्राओं को उनके समुदायों की कहानियाँ सुनाने के लिए प्रोत्साहित करती हैं।

मैं अपने छात्र–छात्राओं से कहती हूँ कि वे अपने परिवार के सदस्यों या पड़ोसियों से एक कहानी सुनें। मैं उन्हें कहानी सुनने और याद करने के लिए एक सप्ताह का समय देती हूँ। इसके बाद मैं हर दिन एक या दो छात्र–छात्राओं को आमंत्रित करती हूँ कि वे अलग–अलग आवाजों, हावभावों और क्रियाओं का उपयोग करके कक्षा को अपनी कहानी सुनाएँ।

जब मैंने पहली बार ऐसा किया, तो मेरे छात्र–छात्राओं ने हिन्दी में अपनी कहानियाँ सुनाईं। हालांकि, अगली बार मैंने बिहार में बोली जाने वाली विभिन्न स्थानीय भाषाओं, जैसे मगही, भोजपुरी, मैथिली और उर्दू की कहानियाँ शामिल करना तय किया। मेरे जो छात्र ये भाषाएँ बोलते हैं, मैंने उनसे कहा कि वे एक कहानी ढूँढें और कक्षा को सुनाएँ। कहानी पूरी करने के बाद उन्होंने अपने सहपाठियों के साथ उसका हिन्दी में अनुवाद किया।

इसके बाद मैंने पूरी कक्षा को सुनी हुई कहानी की मुख्य घटनाओं या प्रमुख पात्रों का वर्णन करने वाले चित्र बनाने या अपनी कॉपी में इस बारे में लिखने को कहा।

अपने साथियों के साथ अपने समुदायों की कहानियाँ साझा करने की इस गतिविधि से ऐसा प्रतीत हुआ कि कक्षा में मेरे छात्र–छात्राओं के बीच मज़बूत संबंध बन रहे हैं।

ज़रा सोचिए

- छात्र–छात्राओं को उनके घर की भाषा में कहानियाँ सुनाने के लिए प्रोत्साहित करने का क्या महत्व है?
- किस तरह शर्मीले छात्र–छात्राओं की सहायता की जा सकती है, ताकि वे अपने सहपाठियों को कहानियाँ सुनाएँ?
- आप छात्र–छात्राओं की कहानियों के अनुसरित (फॉलोअप) के लिए किन अन्य गतिविधियों के बारे में सोच सकते हैं?

कहानियाँ, गीत, कविताएँ या समुदाय की अन्य मौखिक परंपराएँ विद्यालय, आपके छात्र–छात्राओं के परिवारों और अन्य स्थानीय लोगों के बीच एक सकारात्मक संबंध बनाती हैं। इससे छात्र विचारपूर्ण प्रश्न पूछने और अपने इलाके के इतिहास और संस्कृति के बारे में ध्यान से सुनने में सक्षम होते हैं। छात्र–छात्राओं को ये कहानियाँ अपने घर की भाषा में फिर से सुनाने के लिए प्रोत्साहित करने से स्थानीय परिवेश में इन भाषाओं के महत्व को बल मिलता है। इससे छात्र अपनी हिन्दी सुधारने के लिए इन भाषाओं का उपयोग कर सकते हैं।

यदि कोई छात्र/छात्रा अपनी कहानियाँ सुनाने में झिझक दिखाते हैं, तो आप उनसे पाठ के बाद अपनी कहानियाँ सुनाने को कह सकते हैं। इससे उन्हें अपने साथियों के सामने सुनाने के बजाय, एक सुरक्षित और निजी स्थान पर इसे सुनाने का अभ्यास करने का मौका मिलेगा। सुनिश्चित करें कि आप इन छात्र–छात्राओं का आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए उनकी प्रशंसा करें और उन्हें प्रोत्साहित करें। आप उन्हें छात्र–छात्राओं में से उनके ही घर की भाषा बोलने वाले दोस्तों के साथ जोड़ियों में बिठाकर भी उनका आत्मविश्वास बढ़ाने की कोशिश कर सकते हैं।

कक्षा में समावेश और सहभागिता के सिद्धांतों के बारे में ज्यादा जानकारी के लिए मुख्य संसाधन 'सभी को शामिल करना' पढ़ें।

वीडियो: सभी को शामिल करना

छात्र–छात्राओं की कहानियों के अनुसरित (फॉलोअप) के बारे में और अधिक विचारों के लिए गतिविधि 3 देखें।

गतिविधि 3: समुदाय से कहानियाँ एकत्र करना

आपके छात्र–छात्राओं की कहानियों के संग्रह को व्यवस्थित करने के लिए समय की और साथ ही संवेदनशील तथा ध्यानपूर्वक योजना बनाने की ज़रूरत पड़ेगी।

- एक मार्गदर्शक के रूप में केस स्टडी 2 का उपयोग करके अपने छात्र–छात्राओं को तैयार करें कि वे घर में अपने परिवार के सदस्यों से पूछें कि क्या उन्हें कोई कहानी, गीत या कविता मालूम है। छात्र–छात्राओं को हिन्दी में या उनके घर की भाषा में, ये कहानियाँ, गीत या कविताएँ याद करने और यदि वे चाहें, तो इनके साथ आवाज़, हावभाव और क्रियाओं का उपयोग सीखने के लिए प्रोत्साहित करें।
- हर दिन या सप्ताह में एक बार एक ख़ास समय रखें, जब छात्र अपनी कहानी सुनाएँगे।
- पूरी कक्षा को कहानी सुनाने से पहले उन्हें किसी साथी के साथ या एक छोटे समूह में कहानी का अभ्यास करने दें।
- शेष कक्षा को यह सिखाएँ कि अच्छे और उत्साही श्रोता कैसे होने चाहिए। कहानियाँ सुनाने के आपके छात्र–छात्राओं के प्रयासों के लिए सकारात्मक प्रतिक्रिया दें और उनके सहपाठियों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करें।
- यदि कहानी किसी स्थानीय भाषा में है, तो इसके हिन्दी अनुवाद के बारे में चर्चा करने का समय दें, जिसमें कहानी से संबंधित मुख्य शब्दों पर ध्यान केन्द्रित किया जाए।

- देखें कि क्या आपके छात्र–छात्राओं को अपनी कहानियाँ दूसरी कक्षाओं को, विद्यालय की चेतना सत्र/असेंबली में या किसी स्थानीय कार्यक्रम में सुनाने का मौका मिल सकता है।
- अपने छात्र–छात्राओं से कहें कि वे अपनी कॉपी में चित्रों के साथ अपनी कहानियाँ लिखें।

4 सारांश

इस इकाई में ऐसे कई तरीकों के बारे में बताया गया है, जिनके द्वारा भाषा और साक्षरता की कक्षा में कहानी सुनाने का उपयोग किया जा सकता है। इसमें उन चरणों की एक श्रृंखला की रूपरेखा बताई गई है, जिनका उपयोग आप अपने छात्र–छात्राओं की उम्र और रुचियों के लिए उपयुक्त कहानी सुनाने की योजना बनाने के लिए कर सकते हैं। इसमें ऐसे तरीके भी प्रस्तावित किए गए हैं, जिनके द्वारा आपके छात्र–छात्रा कहानियाँ एकत्रित कर सकते हैं और अपने सहपाठियों को सुना सकते हैं, संभवतः उनके घर की भाषा में, जिससे विद्यालय और स्थानीय समुदाय के बीच मज़बूत संबंध विकसित होंगे। इससे छात्र–छात्राओं को यह महसूस करने में मदद मिलेगी कि विद्यालय में उनके घर की भाषा और संस्कृति को महत्व दिया जाता है, और इससे उन्हें अपनी हिन्दी में सुधार करने के लिए इन भाषाओं के कौशल का उपयोग करने की क्षमता भी मिलेगी। ज्यादातर मामलों में, छात्र–छात्राओं को कहानियाँ सुनना और सुनाना अच्छा लगता है। आप अपने पाठों में जिन कहानियों का उपयोग कर सकते हैं, उनकी संख्या बढ़ाने के तरीके ढूँढने की कोशिश करें, क्योंकि वे किसी भी विषय क्षेत्र में सीखने के लिए अमूल्य साबित हो सकती हैं।

संसाधन

संसाधन 1: कहानी सुनाना, गाने, रोल प्ले और नाटक

छात्र–छात्रा उस समय सबसे अच्छे ढंग से सीखते हैं जब वे सीखने–सिखाने के अनुभव से सक्रिय रूप से जुड़े होते हैं। दूसरों के साथ परस्पर संवाद और अपने विचारों को साझा करने से आपके छात्र–छात्रा अपनी समझ की गहराई बढ़ा सकते हैं। कहानी सुनाना, गीत, भूमिका (रोल प्ले) अदा करना और नाटका कुछ ऐसी विधियाँ हैं, जिनका उपयोग पाठ्यक्रम के कई क्षेत्रों में किया जा सकता है, जिनमें गणित और विज्ञान भी शामिल हैं।

कहानी सुनाना

कहानियाँ हमारे जीवन को अर्थपूर्ण बनाने में मदद करती हैं। कई पारम्परिक कहानियाँ पीढ़ी-दर-पीढ़ी चली आ रही हैं। जब हम छोटे थे तब वे हमें सुनाई गई थीं और हम जिस समाज में पैदा हुए हैं, उसके कुछ नियम व मान्यताएँ समझाती हैं।

कहानियाँ कक्षा में बहुत सशक्त माध्यम होती हैं वे:

- मनोरंजक, उत्साहवर्धक व प्रेरणादायक हो सकती हैं
- हमें रोजमर्रा के जीवन से कल्पना की दुनिया में ले जाती हैं
- चुनौतीपूर्ण हो सकती हैं
- नए विचार सीखने की प्रेरणा दे सकती हैं
- भावनाओं को समझने में मदद कर सकती हैं
- समस्याओं के बारे में वास्तविकता से अलग संदर्भ में सोचने में मदद कर सकती हैं।

जब आप कहानियाँ सुनाते हैं, तो सुनिश्चित करें कि आप नज़र–से–नज़र मिलाये रखें। यदि आप विभिन्न पात्रों के लिए विभिन्न स्वरों का उपयोग करते हैं और उपयुक्त समय पर अपनी आवाज़ की तीव्रता और सुर को बदलकर फुसफुसाते या चिल्लाते हैं, तो उन्हें आनन्द आएगा। कहानी की प्रमुख घटनाओं का अभ्यास कीजिए ताकि आप इसे पुस्तक के बिना स्वयं अपने शब्दों में सुना सकें। कक्षा में कहानी को मूर्त रूप देने के लिए आप वस्तुओं या कपड़ों जैसी सामग्री भी ला सकते हैं। जब आप कोई नई कहानी सुनाएँ, तो उसका उद्देश्य समझाना न भूलें और छात्र–छात्राओं को इस बारे में बताएँ कि वे क्या सीख

सकते हैं। आपको प्रमुख शब्दावली उन्हें बतानी होगी व कहानी की मूलभूत संकल्पनाओं को बारे में उन्हें जागरूक रखना होगा। आप कोई पारंपरिक कहानी कहने वाला भी विद्यालय में ला सकते हैं, लेकिन सुनिश्चत करें कि जो सीखा जाना है, वह कहानी कहने वाले व छात्र–छात्राओं, दोनों को स्पष्ट हो।

कहानी सुनाना; सुनने के अलावा भी छात्र–छात्राओं की कई गतिविधियों को प्रोत्साहित कर सकता है। छात्र–छात्राओं से कहानी में आए सभी रंगों के नाम लिखने, चित्र बनाने, प्रमुख घटनाएँ याद करने, संवाद बनाने या अंत को बदलने को कहा जा सकता है। उन्हें समूहों में विभाजित करके चित्र या सामग्री देकर कहानी को किसी और परिप्रेक्ष्य में कहने को कहा जा सकता है। किसी कहानी का विश्लेषण करने, छात्र–छात्राओं से कल्पना में से तथ्य को अलग करने, किसी अद्‌भुत घटना के वैज्ञानिक स्पष्टीकरण पर चर्चा करने या गणित के प्रश्नों को हल करने को कहा जा सकता है।

छात्र–छात्राओं से खुद अपनी कहानी बनाने को कहना बहुत सशक्त उपाय है। यदि आप उन्हें काम करने के लिए कहानी का कोई ढाँचा, सामग्री व भाषा देंगे, तो छात्र–छात्रा गणित व विज्ञान के जटिल विचारों पर भी खुद अपनी बनाई कहानियाँ कह सकते हैं। वास्तव में, वे अपनी कहानियों की उपमाओं के द्वारा विचारों से खलते हैं, अर्थ का अन्वेषण करते हैं और कल्पना को समझने योग्य बनाते हैं।

गीत

कक्षा में गीत और संगीत के उपयोग से अलग–अलग छात्र–छात्राओं को योगदान करने, सफल होने और उन्नति करने का अवसर मिल सकता है। एक साथ मिलकर गाने से जुड़ाव बनता है और इससे सभी छात्र–छात्रा खुद को इसमें शामिल महसूस करते हैं क्योंकि यहाँ ध्यान किसी एक व्यक्ति के प्रदर्शन पर केंद्रित नहीं होता। गीतों के सुर और लय के कारण उन्हें याद रखना सरल होता है और इससे भाषा व बोलने की क्षमता–विकास में मदद मिलती है।

संभव है कि आप खुद आत्मविश्वासी गायक न हों, लेकिन निश्चित रूप से आपकी कक्षा में कुछ अच्छे गायक होंगे, जिन्हें आप अपनी मदद के लिए बुला सकते हैं। आप गीत को जीवंत बनाने और संदेश व्यक्त करने में सहायता के लिए गतिविधि और हावभाव का उपयोग कर सकते हैं। आप उन गीतों का उपयोग कर सकते हैं, जो आपको मालूम हैं और अपने उद्देश्य के अनुसार उनके शब्दों में बदलाव कर सकते हैं। गीत जानकारी को याद करने और याद रखने का भी एक उपयोगी तरीका हैं यहाँ तक कि सूत्रों और सूचियों को भी एक गीत या कविता के रूप में रखा जा सकता है। आपके छात्र–छात्रा पुनरावृत्ति के उद्देश्य से गीत या भजन बनाने योग्य रचनात्मक भी हो सकते हैं।

रोल प्ले

रोल प्ले वह होता है, जिसमें छात्र कोई भूमिका निभाते हैं और किसी छोटे परिदृश्य के दौरान, वे उस भूमिका में बोलते और अभिनय करते हैं, तथा वे जिस पात्र की भूमिका निभा रहे हैं, उसके व्यवहार और उद्देश्यों को अपना लेते हैं। इसके लिए कोई पटकथा नहीं दी जाती, लेकिन यह महत्वपूर्ण है कि छात्र–छात्राओं को शिक्षक द्वारा पर्याप्त जानकारी दी जाए, ताकि वे उस भूमिका को समझ सकें। भूमिका निभाने वाले छात्र–छात्राओं को अपने विचारों और भावनाओं की त्वरित अभिव्यक्ति के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

भूमिका निभाने (रोल प्ले) के कई लाभ हैं क्योंकि:

- इसमें वास्तविक जीवन की स्थितियों पर विचार करके अन्य लोगों की भावनाओं के प्रति समझ विकसित की जाती है।
- इससे निर्णय लेने का कौशल विकसित होता है।
- यह छात्र–छात्राओं को सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल करती है और सभी छात्र–छात्राओं को योगदान करने का अवसर मिलता है।
- यह विचारों के उच्चतर स्तर को प्रोत्साहित करती है।

भूमिका निभाने (रोल प्ले) से छोटे छात्र–छात्राओं को अलग–अलग सामाजिक स्थितियों में बात करने का आत्मविश्वास विकसित करने में मदद मिल सकती है, उदाहरण के लिए, किसी स्टोर में खरीददारी करने किसी स्थानीय स्मारक पर पर्यटकों को रास्ता दिखाने, एक टिकट खरीदने का अभिनय करना। आप कुछ वस्तुओं और चिह्नों के द्वारा सरल दृश्य तैयार कर सकते हैं, जैसे 'होटल', 'अस्पताल', 'गैरेज'। अपने छात्र–छात्राओं से पूछें, 'यहाँ कौन काम करता है?', 'वे क्या कहते हैं?' और 'हम उनसे क्या पूछते हैं?' और उन्हें इन क्षेत्रों की भूमिकाओं में बातचीत करने के लिए प्रोत्साहित करें, तथा उनकी भाषा के उपयोग का अवलोकन करें।

नाटक करने से पुराने छात्र–छात्राओं के जीवन के कौशलों का विकास हो सकता है। उदाहरण के लिए, कक्षा में हो सकता है कि आप इस बात का पता लगा रहे हों कि टकराव को किस प्रकार से खत्म किया जाए। इसके बजाय अपने विद्यालय या समुदाय से कोई वास्तविक घटना लें, आप इसी तरह के, लेकिन इससे भिन्न, किसी परिदृश्य का वर्णन कर सकते हैं, जिसमें यही समस्या उजागर होती हो। छात्र–छात्राओं को भूमिकाएँ आवंटित करें या उन्हें अपनी भूमिकाएँ खुद चुनने को कहें। आप उन्हें योजना बनाने का समय दे सकते हैं या उनसे तुरंत भूमिका अदा करने को कह सकते हैं। भूमिका अदा करने की प्रस्तुति पूरी कक्षा को दी जा सकती है या छात्र छोटे समूहों में भी कार्य कर सकते हैं, ताकि किसी एक समूह पर ध्यान केंद्रित न रहे। ध्यान दें कि इस गतिविधि का उद्देश्य भूमिका निभाने का अनुभव लेना और इसका अर्थ समझाना है; आप उत्कृष्ट अभिनय प्रदर्शन या बॉलीवुड के अभिनय पुरस्कारों के लिए अभिनेता नहीं ढूँढ रहे हैं।

भूमिका अदा करने का उपयोग विज्ञान और गणित में भी करना संभव है। छात्र अणुओं के व्यवहार की नकल कर सकते हैं, और एक-दूसरे से संपर्क के दौरान कणों की विशेषताओं का वर्णन कर सकते हैं या उनके व्यवहार को बदलकर ऊष्मा या प्रकाश के प्रभाव को दिखा सकते हैं। गणित में, छात्र कोणों या आकृतियों की भूमिका निभाकर उनके गुणों और संयोजनों को खोज सकते हैं।

नाटक

कक्षा में नाटक का उपयोग अधिकतर छात्र–छात्राओं को प्रेरित करने के लिए एक अच्छी रणनीति है। नाटक कौशलों और आत्मविश्वास का निर्माण करता है, और उसका उपयोग विषय के बारे में अपने छात्र–छात्राओं की समझ का आकलन करने के लिए भी किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, यह दिखाने के लिए कि संदेश किस प्रकार से मस्तिष्क से कानों, आंखों, नाक, हाथों और मुंह तक जाते हैं और वहां से फिर वापस आते हैं, टेलीफोनों का उपयोग करके मस्तिष्क किस प्रकार काम करता है इसके बारे में अपनी समझ पर एक नाटक किया गया। या संख्याओं को घटाने के तरीके को भूल जाने के भयानक परिणामों पर एक लघु, मज़ेदार नाटक युवा छात्र–छात्राओं के मन में सही पद्धतियों को स्थापित कर सकता है।

नाटक, प्रायः शेष कक्षा, विद्यालय के लिए, अभिभावकों और स्थानीय समुदाय के लिए प्रदर्शन के लिए प्रेरणा–स्रोत है। यह लक्ष्य छात्र–छात्राओं को कोई चीज प्रदान करेगा, जिसकी दिशा में वे काम करेंगे और उन्हें प्रेरित करेगा। नाटक तैयार करने की रचनात्मक प्रक्रिया से समूची कक्षा को जोड़ा जाना चाहिए। यह जरूरी है कि आत्मविश्वास के स्तरों के अंतरों को ध्यान में रखा जाये। हर एक व्यक्ति का अभिनेता होना जरूरी नहीं है; छात्र अन्य तरीकों से योगदान कर सकते हैं (संयोजन करना, वेशभूषा, मंच पर मददगार) जो उनकी प्रतिभाओं और व्यक्तित्व से अधिक नजदीक से संबद्ध हो सकते हैं।

यह विचार करना आवश्यक है कि अपने छात्र–छात्राओं के सीखने में मदद करने के लिए आप नाटक का उपयोग क्यों कर रहे हैं। क्या यह भाषा विकसित करने (उदाहरणः प्रश्न पूछना और उत्तर देना), विषय के ज्ञान (उदाहरणः खनन का पर्यावरणात्मक प्रभाव), या विशिष्ट कौशलों (उदाहरणः टीम वर्क) का निर्माण करने के लिए है? सावधानी बरतें कि नाटक का सीखने का प्रयोजन अभिनय के लक्ष्य में खो न जाय।

संसाधन 2: तीन कहानियाँ

'The Wide-mouthed Frog'

Once there was a wide-mouthed frog who always talked too much. She decided to go around to all the other animals and ask them what kind of food they feed their babies.

As the wide-mouthed frog hopped along, she met Mother Bird. The wide-mouthed frog asked, 'Mother Bird, what kind of food do you feed your babies?' [*Use a very wide mouth when telling the frog's part.*]

'I feed my babies … [*Ask your students 'What do you think mother bird feeds her babies?'*] … insects!'

And the wide-mouthed frog said with her mouth wide open, 'Oh, is that so?'

Then the wide-mouthed frog met … [*Show the picture and ask 'Who do you think she is going to meet this time?'*] … Mother Goat and asked her, 'Mother Goat, what kind of food do you feed your babies?'

The mother goat said, 'I feed my babies … [*Ask your students 'What do you think mother goat feeds her babies?'*] … milk!'

Then the wide-mouthed frog said with her mouth wide open, 'Oh, is that so?'

[*You can add one or two more animals that your students will be familiar with. The last animal should be a rather frightening one to the frog, such as a crocodile or bear – as follows.*]

Then the wide-mouthed frog met a mother bear and asked, 'Mother Bear, what kind of food do you feed your babies?'

When the mother bear saw the wide-mouthed frog, she was very happy and said, 'Ooooh!' The wide-mouthed frog became very afraid when she saw her great big mouth.

The mother bear said, 'I feed my babies wide-mouthed frogs!'

The wide-mouthed frog said, with a very small mouth, 'Oh, is that so?' [*Remember to use a small mouth!*]

'An Old Tiger and a Greedy Traveller'

Once upon a time, there lived a tiger in a forest. With the passing year, he became too old to hunt. One day, the tiger was walking by the side of a lake and suddenly saw a gold bangle. Quickly he picked up the bangle and thought that he could use it as a lure to catch someone. As he was thinking this, a traveller happened to pass by on the other side of the lake.

The tiger instantly thought to himself, 'What a delicious meal he would make!' He planned a scheme to attract the traveller. He held the bangle in his paw, making it visible to the traveller and said, 'Would you like to take this gold bangle? I don't require it.' At once, the traveller wanted to take the bangle, but he hesitated to go near the tiger. He knew that it was risky, yet he sought the beautiful gold bangle. He planned to be cautious, so he asked the tiger, 'How can I believe you? I know you are a beast and would kill me.'

The tiger innocently said, 'Listen traveller, in my youth, I was wicked unquestionably, but now I have changed. With the advice of a Sanyasi, I have left all evil. Now I am all alone in this world and have engaged myself in kind deeds. Moreover, I have grown old. I have no teeth and my claws are blunt. So, there is no need to fear me.' The traveller was taken in by this talk and his love for gold soon overcame his fear of the tiger. He jumped into the lake to wade across to the tiger.

But as the tiger planned, the traveller got trapped in the marsh. On seeing this, the tiger consoled him and said, 'Oh! You need not worry. I'll help you.' Gradually he came towards the traveller and seized him. As the traveller was being dragged out onto the bank, he thought to himself, 'Oh! This beast's talk of saintliness took me in totally. A beast is always a beast. If only I had not let my greed overcome my reason, I could be alive.' However, it was too late; the tiger killed the traveller and ate him up. And so the traveller became a victim of greed and the tiger was successful in his evil plan.

Moral: greed never goes unpunished.

'A Tale from Persia'

Long ago, a man from Persia hosted a Bedouin from the desert, sitting him at table with his wife, two sons and two daughters. The wife had roasted one chicken, and the host told his guest: 'Share it out among us,' meaning to make fun of him. The Bedouin said he did not know how, but if they humoured him he would try. When they agreed, he took the chicken and chopped it up, distributing it with these words: 'The head for the head of the family,' as he gave his host the bird's head; 'the two wings for the two boys, the two legs for the two girls,' giving them out, and 'the tail for the old woman,' giving the wife the tail of the bird and finally, taking the best portion for himself, 'The breast for the guest!' he said.

Now, the next day, the host said to his wife (having enjoyed this joke) that she should roast five chickens, and when lunchtime came he told the Bedouin, 'Share them out among us.'

'I have an idea,' his guest replied, 'that you are offended.'

'Not at all. Share them out.'

'Would you like me to do it by even numbers or odd?'

'By odd numbers.'

'Very well,' said the Bedouin. 'You, your wife and one fowl make three.' (Giving them one chicken.) 'Your two sons and one fowl make three. Your two daughters and one fowl make three. And I and two chickens make three,' he finished, taking two chickens for himself; and the joke was on the host again.

Seeing them eyeing his share, he smiled and continued, 'Perhaps you are not content with my method. Shall I share them out by even numbers, then?' When they said yes, he replied, 'Well, then, my host, you and your two sons and one fowl make four. Your wife, her two daughters and one fowl make four.' He passed the three male members of the household one chicken, and the three female members got one. 'And,' he concluded, giving himself three chickens, 'myself plus three fowls makes four.'

अतिरिक्त संसाधन

- Indian folk tales: http://www.culturalindia.net/indian-folktales/
- The World Storytelling Institute's website includes resources for teachers (http://www.storytellinginstitute.org/12.html) and a wealth of links to stories, many from India (http://www.storytellinginstitute.org/87.html)
- The Storytelling in the Classroom website has a variety of ideas and stories for teachers to tell in the classroom: http://www.storyarts.org/classroom/index.html

- Katha is a publisher that has produced more than 300 books from various regions in India; it also provides training in storytelling: http://www.katha.org/site/katha-bookstore
- Kathalaya provides training and resources for teachers in storytelling in the classroom: http://kathalaya.org/
- The Tallest Story Competition includes animated stories from different tribal groups in India: http://www.talleststory.com/
- The Society for Storytelling website contains a lot of factsheets for learning about storytelling: http://www.sfs.org.uk/resources

संदर्भ/संदर्भग्रंथ सूची

Morgan, J. and Rinvolucri, M. (1983) *Once Upon a Time*. Cambridge: Cambridge University Press.

Slattery, M. and Willis, J. (2001) *English for Primary Teachers*. Oxford: Oxford University Press.

Society for Storytelling (2004) 'Telling tales: a beginner's guide to telling stories' (online), March. Available from: http://www.sfs.org.uk/content/telling-tales-beginners-guide-telling-stories (accessed 18 November 2014).

Wakefield, D. (1992) *The Wide-Mouthed Frog*, Illustrated by Spaeth, C. SIL International.

Wright, A. (1996) *Storytelling with Children*. Oxford: Oxford University Press.

अभिस्वीकृतियाँ

तृतीय पक्षों की सामग्रियों और अन्यथा कथित को छोड़कर, यह सामग्री क्रिएटिव कॉमन्स एट्रिब्यूशन-शेयरएलाइक लाइसेंस के अंतर्गत उपलब्ध कराई गई है (http://creativecommons.org/licenses/by-sa/3.0/)। नीचे दी गई सामग्री मालिकाना हक की है तथा इस परियोजना के लिए लाइसेंस के अंतर्गत ही उपयोग की गई है, तथा इसका Creative Commons लाइसेंस से कोई वास्ता नहीं है। इसका अर्थ यह है कि इस सामग्री का उपयोग अननुकूलित रूप से केवल TESS-India परियोजना के भीतर किया जा सकता है और किसी भी बाद के OER संस्करणों में नहीं। इसमें TESS-India, OU और UKAID लोगो का उपयोग भी शामिल है।

इस इकाई में सामग्री को पुनः प्रस्तुत करने की अनुमति के लिए निम्न स्रोतों का कृतज्ञतापूर्ण आभार:

चित्र 3: ओडिशा के गजपति जिले से एराम गोमांगो के सौजन्य से (Figure 3: courtesy of Eram Gomango from Gajipati district of Odisha)।

संसाधन 2: 'The Wide-mouthed Frog', कीथ फॉकनर के 'The Wide-mouthed Frog' से लिया गया अंश; 'An Old Tiger and a Greedy Traveler', 12 वीं सदी में गद्य और काव्य में लिखित संस्कृत कथा-संग्रह हितोपदेश से लिया गया (Resource 2: 'The Wide-mouthed Frog', extract adapted from Keith Faulkner's 'The Wide-mouthed Frog'; 'An Old Tiger and a Greedy Traveler', adapted from the *Hitopadesha*, a collection of Sanskrit fables in prose and verse from the 12th century)।

कॉपीराइट के स्वामियों से संपर्क करने का हर प्रयास किया गया है। यदि किसी को अनजाने में अनदेखा कर दिया गया है, तो पहला अवसर मिलते ही प्रकाशकों को आवश्यक व्यवस्थाएं करने में हर्ष होगा।

वीडियो (वीडियो स्टिल्स सहित): भारत भर के उन शिक्षक प्रशिक्षकों, प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों और छात्र–छात्राओं के प्रति आभार प्रकट किया जाता है, जिन्होंने उत्पादनों में दि ओपन यूनिवर्सिटी के साथ काम किया है।